एक दिवसीय पशुचिकित्सा शिविर

नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर के माननीय कुलपति डॉ. सीता प्रसाद तिवारी के निर्देशानुसार दिनांक 14.03.2023 को ग्राम बन्दरकोला, जबलपुर में अधिष्ठाता डॉ. राजेश कुमार शर्मा, पशुचिकित्सा पशु पालन महाविद्यालय, जबलपुर के मार्गदर्शन में एक दिवसीय पशुचिकित्सा शिविर का आयोजन पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, जबलपुर के द्वारा सम्पन्न किया गया।

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली द्वारा वित्त पोषित अनुसूचित जाति परियोजना के अंतर्गत **"सतत पशुधन और मछली के माध्यम से मध्यप्रदेश के अनुसूचित जाति के कृषकों को आर्थिक एवं सामाजिक उत्थान"** से सम्बंधित समस्याओं का निवारण पशुचिकित्सा एवं पशु पालन महाविद्यालय से आये हुए विशेषज्ञों डॉ. ब्रजेश सिंह, सह–समन्वयक डॉ. अमिता तिवारी, औषधि विभाग, डॉ. नितिन बजाज, पशु मादा एवं प्रसूति विज्ञान विभाग, डॉ. रनविजय सिंह, पशुजन स्वास्थ्य विभाग, डॉ. आनंद जैन, पशु शरीर क्रिया विज्ञान विभाग, डॉ. सचिन जैन एवं डॉ. आशीष लखेरा, पशु चिकित्सा अधिकारी, जबलपुर के विशेष सहयोग से किया गया। जिसके अंतर्गत पशुओं की प्रमुख मौसमी बीमारियों का उपचार एवं रोकथाम की जानकारी साथ ही पशुओं की प्रजनन से सम्बंधित समस्याओं का निवारण किया गया। शिविर में महाविद्यालय के छात्रों का भी सराहनीय योगदान दिया गया।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर